an>

Title: Need to convert Raipur to Dhamtari narrow gauge line into broad gauge in Chhattisgarh.

श्री विक्रम उसेंडी (कांकेर): अध्यक्ष महोदया, आपने शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। छत्तीसगढ़ राज्य के राजधानी रायपुर से धमतरी जाने के लिए मीटर गेज (छोटी रेल लाइन) है, जिसमें प्रतिदिन सैंकड़ों यात्री आना-जाना करते हैं। इस लाइन को ब्रॉड गेज (बड़ी रेल लाइन) में परिवर्तित करते हुए इसको आगे कांकेर जिले के ग्राम-सरोना, दुधावा, कोंडागांव जिले के ग्राम-विश्रामपुरी, माकड़ी से होते हुए जगदलपुर के मुख्य रेल मार्ग से जोड़ा जाए, जिससे राजधानी रायपुर, जिला मुख्यालय धमतरी, कांकेर, कोंडागांव से जगदलपुर सीधे रेल मार्ग द्वारा जुड़ जाएगा। चूँकि बस्तर संभाग जो कि केरल राज्य से भी बड़ा है, यहाँ आर्थिक विकास के साथ इन क्षेत्रों में उद्योगों की स्थापना को भी बल मिलेगा। बस्तर के यात्रियों को रेल सेवा के लाभ के साथ ही बस्तर संभाग में एनएमडीसी के खदान का लौह अयस्क एवं अन्य सामग्रियों के परिवहन के लिए सुविधा होगी। नगरनार (जगदलपुर) में एनएमडीसी द्वारा स्थापित स्टील प्लांट एवं छत्तीसगढ़ राज्य के अन्य उद्योगों को कच्चे मालों की आपूर्ति कम समय और कम लागत में उपलब्ध हो सकेगा। पूर्व में धमतरी से कांकेर रेल मार्ग के सर्वे हेतु केन्द्र सरकार द्वारा राशि स्वीकृत की गई थी, परन्तु अब तक इस पर कोई कार्यवाई नहीं हो पायी है। आपसे निवेदन है कि शीघ्र ही इस रेल लाइन का सर्वे कराया जाए, जिससे इस वनांचल क्षेत्र के लोगों को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। धन्यवाद।